2. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम का सही रूप लिखें–

(क) यह कार्य मुझे ······ स्वयं ······ करना होगा। (स्वयं/तुम्हारे)

(ख) लगता है दूध में ······ कुछ ······ गिर गया है। (कुछ/कोई)

(ग) आपसे ······ कोई ······ मिलने आया है। (क्या/कोई)

(घ) यह गमला ······ किसने ······ तोड़ा है? (कौन/किसने)

(ङ) ······ यह ······ तुम्हारा विद्यालय है। (यह/जो)

3. रेखांकित शब्दों के सर्वनाम के भेद का नाम लिखें–

(क) मैं वहाँ स्वयं जाऊँगा। ······ निजवाचक ······

(ख) मैं कक्षा में प्रथम आया हूँ। ······ उत्तम पुरुषवाचक ······

(ग) तुम कौन हो? ······ प्रश्नवाचक ······

(घ) जो परिश्रम करता है, वह सफल होता है। ······ संबंधवाचक ······

(ङ) वह सो रहा है। — अन्य पुरुष वाचक

(च) जैसा करोगे वैसा भरोगे। — संबंध वाचक

(छ) बाहर कौन बैठा है? — प्रश्न वाचक

(ज) आप यहाँ आइए। — मध्यम पुरुष वाचक

(झ) वह मेरा भाई है। — अन्य पुरुष वाचक

(ञ) जिसकी लाठी, उसकी भैंस। — संबंध वाचक

4. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाएँ–

(क) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द कहलाते हैं–

(अ) विशेषण (ब) सर्वनाम ✓

(स) दोनों (अ) और (ब) (द) इनमें से कोई नहीं

(ख) 'उसी ने कलम ली है'- किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(अ) निश्चयवाचक सर्वनाम (ब) संकेतवाचक सर्वनाम

(स) दोनों (अ) और (ब) ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

(ग) 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(अ) प्रश्नवाचक सर्वनाम (ब) निजवाचक सर्वनाम

(स) संबंधवाचक सर्वनाम ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

(घ) 'मैं अपना काम स्वयं करूँगा' किस सर्वनाम का उदाहरण है?

(अ) निजवाचक सर्वनाम ✓ (ब) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

(स) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम (द) इनमें से कोई नहीं

(ङ) 'राम कब आएगा?' में कौन-सा सर्वनाम है?

(अ) प्रश्नवाचक सर्वनाम ✓ (ब) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

(स) दोनों (अ) और (ब) (द) इनमें से कोई नहीं

STD-V
Ch-6
सर्वनाम (Grammar)

Thursday
Date 2 09 21

1-

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद होते हैं ?

उ- संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं, उसके छह भेद होते हैं

(ख) पुरूषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद होते हैं ?

उ- जो सर्वनाम शब्द बोलने वाले, सुनने वाले तथा अन्य व्यक्ति के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं, उसके तीन भेद होते हैं,

(ग) निश्चयवाचक सर्वनाम एवं अनिश्चयवाचक सर्वनाम में क्या अंतर है ?

उ- निश्चयवाचक सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित वस्तु, व्यक्ति या स्थान का बोध होता है, जबकि अनिश्चयवाचक सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित वस्तु, व्यक्ति या स्थान का बोध नहीं होता है,

(घ) निजवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

उ- जिन सर्वनामों का प्रयोग स्वयं अर्थात अपने-आप के लिए किया जाता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं,

(ङ) संबंधवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

उ- जो सर्वनाम शब्द वाक्य में आए अन्य सर्वनाम शब्दों से संबंध बताने के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं,